राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या– 99/2024

<u>राज्यपाल ने स्व० सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि दी</u>

पटना, 17 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर रवीन्द्र भवन, पटना में आयोजित बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व० सुशील कुमार मोदी की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए। उन्होंने स्व० मोदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बिहार के लिए स्व० सुशील कुमार मोदी का योगदान अविस्मरणीय है तथा उसे आनेवाली पीढ़ियाँ याद करेंगी। उन्होंने कहा कि हमें केवल शब्दों से ही नहीं, बल्कि अपने कार्यों के माध्यम से भी उन्हें श्रद्धांजलि देनी चाहिए। राजनीति ही नहीं, बल्कि सामाजिक संस्थानों के साथ भी उनका संबंध विलक्षण था। स्व० मोदी जी ने उन्हें बिहार के कई सामाजिक संस्थानों से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि स्व० सुशील कुमार मोदी के साथ उनका संबंध वर्ष 1978 से था। राज्यपाल के रूप में बिहार आने पर सबसे पहले उन्होंने ही उनका स्वागत किया था। राज्यपाल ने कहा कि स्व० सुशील कुमार मोदी ने उन्हें बिहार एवं यहाँ की शिक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया था।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित अनेक गणमान्य लोगों ने भी स्व० सुशील कुमार मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

....